**INTELLIGENCE BUREAU**

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/09/2025 |
| Test Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Post Name | ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER-GRADE-II/EXECUTIVE |

Section : **Current Affairs**

Q.1 टाइगर ट्रायम्फ 2025 का समुद्री चरण किस अवधि के दौरान आयोजित किया गया?

Ans
✗ 1. 15-19 अप्रैल
✗ 2. 1-7 अप्रैल
✓ 3. 8-12 अप्रैल
✗ 4. 25-29 मार्च

Q.2 आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 के अनुसार, अप्रैल–दिसंबर 2024 के दौरान खुदरा हेडलाइन मुद्रास्फीति (retail headline inflation) कितनी थी?

Ans
✗ 1. 5.1%
✗ 2. 4.2%
✗ 3. 6.3%
✓ 4. 4.9%

Q.3 इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने 27 मार्च 2025 को, निम्नलिखित में से किस संस्थान में भारत का पहला नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स रोड शो आयोजित किया था?

Ans
✓ 1. IISc बेंगलुरु
✗ 2. IIT मद्रास
✗ 3. IIT गुवाहाटी
✗ 4. IIT खड़गपुर

Q.4 जनवरी 2025 में, किस मंत्रालय ने विदेश में सर्जरी के बाद ट्रांसजेंडर नागरिकों के लिए नई पासपोर्ट नवीकरण प्रक्रिया प्रारंभ की?

Ans
✗ 1. गृह मंत्रालय
✗ 2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
✗ 3. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
✓ 4. विदेश मंत्रालय

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.5 वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया योजना के लिए कितना आवंटन किया गया है?

Ans
1. 240 करोड़
2. 100 करोड़
3. 430 करोड़
4. 1000 करोड़ ✔

Q.6 निम्नलिखित में से किसने अप्रैल 2025 में, DARE के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला?

Ans
1. डॉ. मयंक शर्मा
2. डॉ. वी. नारायणन
3. डॉ. मांगी लाल जाट ✔
4. डॉ. शिवकुमार कल्याणरमन

Q.7 2025 में 97वें अकादमी पुरस्कार (97th Academy Awards) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (Best Actress) का पुरस्कार किसे दिया गया?

Ans
1. सिंथिया एरिवो (Cynthia Erivo)
2. डेमी मूर (Demi Moore)
3. मिकी मैडिसन (Mikey Madison) ✔
4. फर्नांडा टोरेस (Fernanda Torres)

Q.8 चौथे एलजी हॉर्स पोलो कप-2024 टूर्नामेंट का आयोजन किस विभाग ने किया?

Ans
1. लद्दाख पोलो एसोसिएशन
2. युवा सेवा एवं खेल विभाग, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ✔
3. पर्यटन विभाग, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख
4. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

Q.9 जनवरी 2025 में, किस राज्य ने गुनेरी गांव में प्राकृतिक अंतर्देशीय मैंग्रोव स्थल के 32.78 हेक्टेयर क्षेत्र को अपना पहला जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया?

Ans
1. हरियाणा
2. कर्नाटक
3. जम्मू और कश्मीर
4. गुजरात ✔

Q.10 वरिष्ठ कर्नाटक गायिका के. ओमनाकुट्टी अम्मा, जिन्हें 2025 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से हैं?

Ans
- ✗ 1. तेलंगाना
- ✗ 2. आंध्र प्रदेश
- ✓ 3. केरल
- ✗ 4. कर्नाटक

Q.11 आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, 'दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवाओं' में निर्यात के लिए भारत की वैश्विक रैंक क्या है?

Ans
- ✗ 1. तीसरी
- ✗ 2. चौथी
- ✓ 3. दूसरी
- ✗ 4. पहली

Q.12 2024 में देश भर में लॉन्च किए गए U-WIN पोर्टल का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. पारिवारिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड संग्रहण
- ✗ 2. चिकित्सा बीमा पंजीकरण
- ✓ 3. टीकाकरण रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण
- ✗ 4. ऑनलाइन अस्पताल नियुक्ति प्रणाली

Q.13 फरवरी 2025 में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन (AI Action Summit) की सह-अध्यक्षता किन दो देशों के नेताओं ने की थी?

Ans
- ✗ 1. जर्मनी और जापान
- ✓ 2. फ्रांस और भारत
- ✗ 3. संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम
- ✗ 4. कनाडा और ऑस्ट्रेलिया

Q.14 केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परामर्श के लिए राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2024 का मसौदा किस महीने में पेश किया?

Ans
- ✗ 1. जनवरी
- ✗ 2. मई
- ✗ 3. अप्रैल
- ✓ 4. अक्टूबर

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.15 दिसंबर 2024 में, भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

Ans
✗ 1. न्यायमूर्ति (डॉ.) विद्युत रंजन सारंगी
✓ 2. न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम
✗ 3. भरत लाल
✗ 4. प्रियांक कानूनगो

Q.16 भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 2025 में अपने भावी लॉन्च व्हीकल (launch vehicles) के लिए किस प्रकार के इंजन पर काम कर रहा है?

Ans
✗ 1. हाइड्रोजन-परऑक्साइड इंजन (Hydrogen-Peroxide Engine)
✗ 2. हाइब्रिड-सॉलिड इंजन (Hybrid-Solid Engine)
✓ 3. सेमी-क्रायोजेनिक इंजन (Semicryogenic Engine)
✗ 4. इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन इंजन (Electric Propulsion Engine)

Q.17 केंद्रीय बजट 2025-26 के तहत, किस भारतीय राज्य में एक नया मखाना बोर्ड स्थापित किया जाना है?

Ans
✗ 1. उत्तर प्रदेश
✗ 2. झारखंड
✗ 3. असम
✓ 4. बिहार

Q.18 अप्रैल 2025 में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने __________ तक खसरा और रूबेला उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला (MR) उन्मूलन अभियान लॉन्च किया।

Ans
✗ 1. 2035
✓ 2. 2026
✗ 3. 2028
✗ 4. 2030

Q.19 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के खंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को 11 नवंबर 2024 से भारत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 100
✗ 2. अनुच्छेद 142
✓ 3. अनुच्छेद 124
✗ 4. अनुच्छेद 110

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 मार्च 2025 में, एक संसदीय पैनल ने सरकार से कितने महीनों के भीतर लोकपाल के लिए जांच और अभियोजन विंग स्थापित करने का आग्रह किया, जिसमें योग्य भर्तियों की आवश्यकता पर बल दिया गया और कहा गया कि देरी होने से भ्रष्टाचार से निपटने में लोकपाल की दक्षता प्रभावित हो रही है, जिससे प्रक्रियात्मक कमियां उत्पन्न हो रही हैं?

Ans
1. दो
2. तीन
3. एक
4. छह

Section : General Studies

Q.1 'भारतीय खनिज वर्ष पुस्तिका 2021' के अनुसार, 2020-21 के दौरान भारत में बॉक्साइट संसाधनों और उत्पादन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

1. राष्ट्रीय उत्पादन में लगभग 76% का योगदान देने वाला ओडिशा, बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसमें लोहरदग्गा और अमरकंटक जैसे प्रमुख खनन जिले शामिल हैं।
2. बॉक्साइट मुख्य रूप से लैटेराइट चट्टानों से संबंधित है और आमतौर पर तृतीयक संरचनाओं वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।
3.राष्ट्रीय उत्पादन में 10% से अधिक हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और गुजरात से आगे, बॉक्साइट का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
4. बॉक्साइट का उपयोग न केवल एल्युमीनियम और उसके मिश्रधातुओं के उत्पादन में किया जाता है, बल्कि इसका उपयोग रिफ्रैक्टरी, पेंट और रासायनिक उद्योगों में भी किया जाता है।

Ans
1. केवल 1, 2 और 3
2. केवल 2 और 4
3. केवल 2, 3 और 4
4. केवल 1 और 3

Q.2 भारत के राष्ट्रपति के अधिकारों की व्याख्या निम्नलिखित में से किसमें की गई है?

Ans
1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम
2. भारतीय दंड संहिता
3. सिविल प्रक्रिया संहिता
4. भारत का संविधान

**Q.3 विश्व बैंक के अनुसार, 2019 में भारत में अत्यधिक गरीबी का प्रतिशत कितना था?**

Ans ✔ 1. 10.2%

✘ 2. 15.2%

✘ 3. 5.2%

✘ 4. 20.2%

---

**Q.4 संघीय कार्यकारिणी के कामकाज में अंतर्निहित प्रमुख सिद्धांत क्या है जो यह सुनिश्चित करता है कि वास्तविक कार्यकारी शक्ति का प्रयोग निर्वाचित सरकार द्वारा किया जाए?**

Ans ✔ 1. संसदीय लोकतंत्र

✘ 2. राष्ट्रपतिवाद

✘ 3. संघवाद

✘ 4. न्यायिक सर्वोच्चता

---

**Q.5 जीवाश्म लकड़ी पार्क (Wood Fossils Park), जो थार मरुस्थल के समुद्री अतीत का साक्ष्य प्रदान करता है, कहाँ स्थित है?**

Ans ✘ 1. ब्रह्मसर, जैसलमेर के निकट

✘ 2. बीकानेर, राजस्थान

✔ 3. अकाल, जैसलमेर के निकट

✘ 4. जोधपुर, राजस्थान

---

**Q.6 शून्य-आधारित बजटन (ZBB) का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?**

Ans ✔ 1. सभी खर्चों का नए सिरे से औचित्य सिद्ध करना

✘ 2. कर राजस्व बढ़ाना

✘ 3. केवल पिछले खर्चों को ट्रेक करना

✘ 4. राजस्व को निर्यात से जोड़ना

---

**Q.7 संविधान सभा के सदस्य, सी. राजगोपालाचारी के बारे में कौन-सा कथन सही है?**

Ans ✘ 1. वह तमिलनाडु के राज्यपाल थे

✘ 2. वह भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष थे

✘ 3. वह स्वतंत्रता के बाद लोकसभा के पहले अध्यक्ष थे

✔ 4. वह स्वतंत्रता के बाद भारत के पहले और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल थे

Adda247

Q.8 एलोरा का प्रसिद्ध कैलास मंदिर किस राजवंश द्वारा बनाया गया था?

Ans
✔ 1. राष्ट्रकूट
✘ 2. पल्लव
✘ 3. चालुक्य
✘ 4. होयसल

Q.9 1969 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा कितने प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

Ans
✘ 1. 28
✘ 2. 12
✔ 3. 14
✘ 4. 10

Q.10 स्वराज पार्टी और असहयोग आंदोलन के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. स्वराज पार्टी का गठन सी.आर. दास और मोतीलाल नेहरू ने किया था।
2. सी.आर. दास इसके अध्यक्ष थे और मोतीलाल नेहरू स्वराज पार्टी के सचिवों में से एक थे।
3. सी.आर. दास ने असहयोग आंदोलन का विरोध किया और कांग्रेस छोड़ दी।
4. कलकत्ता अधिवेशन में, कांग्रेस ने असहयोग आंदोलन को मंजूरी दी।

Ans
✘ 1. केवल 1, 3 और 4
✘ 2. केवल 2 और 3
✘ 3. केवल 1, 2 और 4
✔ 4. केवल 1 और 2

Q.11 निम्नलिखित मुगल शासकों को उनके शासनकाल के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।

1. अकबर शाह द्वितीय
2. बहादुर शाह द्वितीय
3. शाह आलम द्वितीय
4. मुहम्मद शाह रंगीला

Ans
✘ 1. 2, 3, 4, 1
✔ 2. 4, 3, 1, 2
✘ 3. 2, 1, 3, 4
✘ 4. 1, 2, 3, 4

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.12 निम्नलिखित में से किस विषय का भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में कोई उल्लेख नहीं है?

Ans
✗ 1. पुलिस
✗ 2. विकलांगों और बेरोजगारों को राहत
✗ 3. दफ़नाना और कब्रिस्तान
✓ 4. रेलवे

Q.13 पूर्वी तटीय मैदान के दक्षिणी भाग को क्या कहते हैं?

Ans
✗ 1. मालाबार तट
✗ 2. कोंकण तट
✓ 3. कोरोमंडल तट
✗ 4. कन्नड़ तट

Q.14 आठवीं अनुसूची में किन भाषाओं को शामिल किया जाए, यह निर्धारित करने के लिए किन समितियों ने मानदंड बनाने का प्रयास किया?

Ans
✗ 1. मंडल और शाह समितियाँ
✗ 2. वर्मा और कृष्णन समितियाँ
✓ 3. पाहवा और सीताकांत महापात्र समितियाँ
✗ 4. सेन और पटेल समितियाँ

Q.15 राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (National Sample Survey) के अनुसार, भारत में कल्याण में सुस्पष्ट वंचन के रूप में किसकी पहचान की गयी है?

Ans
✓ 1. गरीबी
✗ 2. उच्च साक्षरता दर
✗ 3. बेरोज़गारी
✗ 4. आर्थिक वृद्धि

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 पश्चिमी तटीय मैदान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह धीरे-धीरे कच्छ से कन्याकुमारी तक विस्तृत हो जाता है।
2. गुजरात का मैदान नर्मदा, तापी, माही और साबरमती जैसी नदियों द्वारा निर्मित है।
3. पश्चिमी तटीय मैदान की औसत चौड़ाई, पूर्वी तटीय मैदान की तुलना में कम है।

Ans
✗ 1. केवल 1 और 2
✓ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. केवल 2
✗ 4. केवल 1 और 3

Q.17 राष्ट्रों के समक्ष अपनी जैविक संपदा के संरक्षण में सामने आने वाली प्राथमिक चुनौती क्या है?

Ans
✗ 1. अपर्याप्त निधीयन
✗ 2. वैज्ञानिक ज्ञान का अभाव
✗ 3. सीमित जन जागरूकता
✓ 4. विकास और संरक्षण के बीच संघर्ष

Q.18 नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना का श्रेय किस गुप्त शासक को दिया जाता है?

Ans
✗ 1. कुमारगुप्त द्वितीय
✗ 2. श्रीगुप्त
✓ 3. कुमारगुप्त प्रथम
✗ 4. स्कंदगुप्त

Q.19 भारत में किस यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में जटिल बौद्ध, हिंदू और जैन कलाकृति के साथ चट्टान को उत्कीर्ण कर बनाए गए गुफा मंदिर हैं?

Ans
✗ 1. उदयगिरि गुफाएं
✗ 2. बादामी गुफाएं
✗ 3. एलिफेंटा गुफाएं
✓ 4. एलोरा गुफाएं

Q.20 बाजार स्थिरीकरण योजना (MSS) का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

Ans
✗ 1. CRR प्रचालनों का उपयोग करके मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना
✗ 2. विदेशी मुद्रा व्यापार के माध्यम से दीर्घकालिक अंतर्वाह को नियंत्रित करना
✓ 3. प्रतिभूतियों के माध्यम से अतिरिक्त तरलता को अवशोषित करना
✗ 4. बॉन्ड बिक्रियों के माध्यम से राजकोषीय घाटे का प्रबंधन करना

Section : **Numerical Aptitude**

Q.1 अंजलि की वर्तमान आयु का 8 गुना, कमल की वर्तमान आयु के 2 गुने से 14 वर्ष अधिक है, और कमल की वर्तमान आयु का 8 गुना, अंजलि की वर्तमान आयु के 8 गुने से 8 वर्ष कम है। अंजलि और कमल की वर्तमान आयु का योग (वर्षों में) कितना है?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 2
✓ 3. 3
✗ 4. 7

Q.2 A और B एक काम शुरू करते हैं। 8वें दिन, दोनों काम बंद कर देते हैं और दूसरी टीम, D और E, शेष काम 4 दिनों में पूरा करती है। D और E, A और B की समान गति से काम करते हैं। A और B उस काम का 80% कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
✗ 1. 10 दिनों
✓ 2. 9.6 दिनों
✗ 3. 12 दिनों
✗ 4. 11.6 दिनों

Q.3 एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 336 m की दूरी 112 सेकंड में तय करता है। वह समान दूरी का दूसरा चक्कर 56 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/s में) कितनी है?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 9
✗ 3. 5
✓ 4. 4

Q.4 एक व्यापारी किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 15% की छूट देता है और 16 वस्तुएँ खरीदने पर 2 वस्तुएँ फ्री देता है तथा पूरे लेन-देन पर 36% का लाभ अर्जित करता है। मान लीजिए कि एक ग्राहक 16 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, तो वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

Ans
✗ 1. 75%
✗ 2. 70%
✓ 3. 80%
✗ 4. 73%

Adda247

GET IT ON Google Play

Q.5 एक खिलौने का अंकित मूल्य ₹295 है जिस पर 20% की प्रारंभिक छूट दी जा रही है। कितने प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जानी चाहिए ताकि अंतिम विक्रय मूल्य ₹118 हो जाए?

Ans
1. 52%
2. 50% ✔
3. 55%
4. 48%

Q.6 एक बैंक में ₹10,00,000 की राशि 19% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश की जाती है, जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। परिपक्वता पर, देय मिश्रधन ₹16,85,159 हो जाता है। निवेश की समयावधि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3 वर्ष ✔
2. 1 वर्ष
3. 3.5 वर्ष
4. 2.5 वर्ष

Q.7 तीन प्रकार के तेल मिश्रित किए जाते हैं: A के 100 लीटर, B के 85 लीटर और C के 65 लीटर। यदि तेल A, B और C की प्रति लीटर लागत 14: 13: 11 के अनुपात में है और एक लीटर मिश्रित तेल की लागत ₹64.40 है, तो ऐसे 3 टिनों की कुल कीमत कितनी होगी जिनमें तीनों तेल 10-10 लीटर की मात्रा में हैं?

Ans
1. ₹1,750
2. ₹1,845
3. ₹1,900 ✔
4. ₹2,100

Q.8 दो संख्याओं का गुणनफल 19845 है और उनका महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) 63 है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 310
2. 315 ✔
3. 311
4. 323

**Q.9** मैंने ₹1,200 में दो पतलून खरीदीं। मैंने पहली पतलून को 13% की हानि पर और दूसरी पतलून को 12% के लाभ पर बेचा। यदि कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहली पतलून का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 560
✗ 2. 596
✗ 3. 600
✓ 4. 576

---

**Q.10** धावक A, 10 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय कर सकता है, जबकि धावक B उतनी ही दूरी 12 सेकंड में पूरी कर सकता है। 300 मीटर की दौड़ में, A, B को 20 मीटर की शुरूआती बढ़त देता है और 3 सेकंड की देरी से दौड़ना शुरू करता है। यदि दोनों धावक समान चाल बनाए रखें, तो B द्वारा दौड़ शुरू करने से लेकर A द्वारा दौड़ पूरी करने तक, A और B द्वारा तय की गई कुल दूरी को B अकेले कितने समय में तय करेगा?

Ans
✗ 1. 1 मिनट 19 सेकंड
✗ 2. 2 मिनट 19 सेकंड
✗ 3. 2 मिनट 9 सेकंड
✓ 4. 1 मिनट 9 सेकंड

---

**Q.11** $(5\sqrt{5} \times 11\sqrt{11}) - (17\sqrt{17}) - (3\sqrt{5} \times \sqrt{11} \times \sqrt{17})[\sqrt{5} \times \sqrt{11} - \sqrt{17}]$ का घनमूल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $(\sqrt{17} - \sqrt{5})$
✗ 2. $(\sqrt{55} - \sqrt{11})$
✓ 3. $\sqrt{55} - \sqrt{17}$
✗ 4. $(\sqrt{17} - \sqrt{11})$

---

**Q.12** यदि $a^{x+y} \cdot a^{x-y} = a^{50}, a \neq 1$ और $b^{2y+x} \cdot b^{\frac{(y-3x)}{3}} = (b^7)^4, b \neq 1$ है, तो $c$ के किस मान के लिए $c^3 = x^{\frac{3}{2}} + y^3 + 7^3 + 1$ होगा?

Ans
✗ 1. 17
✗ 2. 19
✓ 3. 13
✗ 4. 15

---

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.13 एक व्यक्ति ने ₹54,500 की धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्षों के लिए निवेश किया। 2 वर्ष बाद उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans ✔ 1. 63,220

✘ 2. 64,220

✘ 3. 9,720

✘ 4. 8,720

Q.14 3 पेन और 9 पेंसिल की कीमत ₹180 है तथा 3 पेन और 7 पेंसिल की कीमत ₹150 है। 8 पेन और 4 पेंसिल की कीमत कितनी है?

Ans ✘ 1. ₹175

✘ 2. ₹178

✔ 3. ₹180

✘ 4. ₹179

Q.15 यदि 3.6 : 1.2 :: 1.2 : y है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. 0.80

✔ 2. 0.40

✘ 3. 0.60

✘ 4. 0.90

Q.16 किरण ₹41,000 से व्यवसाय शुरू करती है और 7 महीने बाद जरीना, किरण के साथ साझेदार के रूप में जुड़ जाती है। एक वर्ष बाद, लाभ 8 : 5 के अनुपात में विभाजित होता है। पूंजी में जरीना का योगदान कितना है?

Ans ✘ 1. ₹59,535

✔ 2. ₹61,500

✘ 3. ₹61,880

✘ 4. ₹60,670

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 तीन मित्र, A, B और C, एक लकड़ी की मेज के औसत वजन का अनुमान लगाने का प्रयास करते हैं। A के अनुसार, मेज का वजन 90 kg से अधिक लेकिन 97 kg से कम है। B का अनुमान अलग है। उसके अनुसार मेज का वजन 85 kg से अधिक लेकिन 95 kg से कम है। C के अनुसार, मेज का वजन 93 kg से अधिक नहीं हो सकता। यदि उन सभी का अनुमान सही हो, तो लकड़ी की मेज के विभिन्न संभावित वजनों का औसत वजन (kg में) कितना होगा?

Ans ✗ 1. 90

✓ 2. 92

✗ 3. 93

✗ 4. 91

Q.18 मंजीत को सेल में पहले वर्ष में 5% की वृद्धि और दूसरे वर्ष में 25% की वृद्धि प्राप्त होती है, जिससे उनकी वर्तमान सेल ₹1,59,600 हो जाती है। दो वर्ष पहले उसका सेल (₹ में) कितना था?

Ans ✓ 1. 1,21,600

✗ 2. 1,01,600

✗ 3. 1,52,000

✗ 4. 1,27,680

Q.19 श्रीमान X अपनी आय का 25% मकान के किराए पर, 16% भोजन और दवाओं पर, मकान के किराए का तीन-पांचवां हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर, 12% भविष्य के निवेश पर, 12% यात्रा और मनोरंजन पर, भोजन और दवाओं का तीन-चौथाई दीर्घकालिक बचत पर और शेष विविध व्यय पर खर्च करते हैं। यदि बच्चों की शिक्षा और यात्रा एवं मनोरंजन पर व्यय का अंतर ₹4,260 है, तो विविध व्यय ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. ₹10,850

✗ 2. ₹12,500

✓ 3. ₹11,360

✗ 4. ₹8,950

Q.20 8 पुरुष 14 दिनों में 29 फीट गहरा कुआं खोद सकते हैं। कितने पुरुष 2 दिनों में 58 फीट गहरा कुआं खोद सकते हैं?

Ans ✓ 1. 112

✗ 2. 109

✗ 3. 110

✗ 4. 115

Section : **Reasoning or Logical Aptitude**

Adda247

Q.1 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',

A @ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',

A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',

A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M @ A # N + D ÷ E' है, तो M का E से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की पत्नी की माता ✗
2. पत्नी की बहन ✗
3. भाई की पत्नी की बहन ✓
4. पत्नी की माता ✗

Q.2 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

53 57 65 77 93 ?

Ans
1. 107 ✗
2. 118 ✗
3. 113 ✓
4. 124 ✗

Q.3 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना अनुमत है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 9, 196)

(2, 8, 100)

Ans
1. 6, 3, 121 ✗
2. 5, 4, 81 ✓
3. 7, 3, 212 ✗
4. 9, 5, 231 ✗

Q.4 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'HUGE' को '6437' के रूप में और 'GUTE' को '7693' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'T' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ 1. 3
- ✗ 2. 7
- ✓ 3. 9
- ✗ 4. 6

Q.5 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'W @ E – R % H + U' है, तो W का U से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पति के भाई की पुत्री
- ✗ 2. भाई की पुत्री
- ✓ 3. पति के भाई की पत्नी
- ✗ 4. भाई की पत्नी

Q.6 श्री लखन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़ते हैं, 7 km ड्राइव करते हैं, दाईं ओर मुड़ते हैं, 12 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाईं ओर मुड़ते हैं, 18 km ड्राइव करते हैं, दाईं ओर मुड़ते हैं, 17 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़ते हैं और 30 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह दाईं ओर मुड़ते हैं, 16 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ 1. 5 km पूर्व की ओर
- ✗ 2. 5 km पश्चिम की ओर
- ✗ 3. 5 km उत्तर की ओर
- ✗ 4. 7 km दक्षिण की ओर

Q.7 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. LD-LE
✘ 2. ZR-WS
✘ 3. HZ-EA
✘ 4. JB-GC

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. CG-MD
✘ 2. GK-QH
✘ 3. KO-UL
✔ 4. MQ-WO

Q.9 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी तेल, ईंधन हैं।
सभी ईंधन, ग्रीस हैं।
कोई ग्रीस, पेट्रोल नहीं है।
निष्कर्ष:
(I) कोई तेल, पेट्रोल नहीं है।
(II) कुछ ग्रीस, तेल हैं।

Ans
✘ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✔ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Adda247

GET IT ON Google Play

Q.10 यदि ‘+’ और ‘−’ को परस्पर बदल दिया जाए तथा ‘×’ और ‘÷’ को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$42 + 19 \div 5 - 40 \times 2 = ?$


Ans ✔ 1. −33

✘ 2. 16

✘ 3. 6


✘ 4. 11

Q.11 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में अंतर्निहित है। (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है)




(X)


Ans 1. ✘




2. ✘



3. ✘



4. ✔



Q.12 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

E, Q, R, V, X और Z एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। उनमें से कौन तल क्रमांक 2 पर रहता है?
(I) X सबसे ऊपर वाले तल पर रहता है। Q, X के तल के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है।
(II) केवल E, V के तल के नीचे वाले तल पर रहता है। Q और V के तलों के बीच के तलों पर ठीक दो व्यक्ति रहते हैं।

Ans ✗ 1. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

✗ 2. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

✗ 3. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

✓ 4. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

---

Q.13 इस प्रश्न में, दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों के प्रभाव या एक उभयनिष्ठ कारण हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

कथन:
I. इस वर्ष हिल स्टेशन पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
II. हिल स्टेशन में कई नए होटल और रिसॉर्ट बनाए गए हैं।

Ans ✗ 1. कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

✗ 2. कथन I और II दोनों एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं।

✓ 3. कथन II कारण है और कथन I इसका संभावित प्रभाव है।

✗ 4. कथन I कारण है और कथन II इसका संभावित प्रभाव है।

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.14 एक प्रश्न के बाद I और II से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

पांच दोस्तों D, F, G, H और R की आयु अलग-अलग है। उनमें से कौन तीसरा सबसे अधिक आयु वाला है?
(I) केवल F और D की आयु, R की आयु से कम है। G की आयु, H की आयु से अधिक है।
(II) केवल D की आयु, F की आयु से कम है। G की आयु, R की आयु से अधिक है।

Ans
✗ 1. कथन I और II दोनों एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 2. कथन I और II दोनों एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
✓ 3. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ 4. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

---

Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

547 466 385 304 223 ?

Ans
✗ 1. 183
✗ 2. 161
✓ 3. 142
✗ 4. 154


---

Q.16 सात व्यक्ति, C, D, E, F, L, M और N, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
L के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M के दाईं ओर केवल D बैठा है। M और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, F के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन N के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। N और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. दो
✓ 2. तीन
✗ 3. एक
✗ 4. चार

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.17 दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जब दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है।




Ans
✗ 1. 
✓ 2. 
✗ 3. 
✗ 4. 

---

Q.18 सात बक्से, I, J, K, L, B, C और D, एक दूसरे के ऊपर रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।
केवल L को B के ऊपर रखा गया है। B और I के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। J के नीचे केवल K को रखा गया है। C को B के ठीक नीचे रखा गया है।
D और K के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. चार
✓ 3. दो
✗ 4. एक

---

GET IT ON Google Play

Q.19 छह मित्र, R, S, T, G, H और I, एक ही इमारत की छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। I के नीचे केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T और R के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S और I के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। R, I के नीचे लेकिन G के ऊपर रहता है। H के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans ✔ 1. तीन

✘ 2. दो

✘ 3. एक

✘ 4. एक भी नहीं

Q.20 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'RAKE' को '8476' और 'READ' को '1647' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

Ans ✔ 1. 1

✘ 2. 8

✘ 3. 7

✘ 4. 4

Section : **English**

Q.1 Select the most appropriate option to fill in the blanks.

Despite her busy schedule, she _____ to complete all the household chores and _____ for the cleaning service to come in the following week.

Ans ✔ 1. managed; arrange

✘ 2. insured; ensure

✘ 3. ensured; insure

✘ 4. arranged; manage

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.2 Select the most appropriate one-word substitute for the underlined segment in the given sentence:

Gandhiji believed that truth and morality must be the<u>guiding force for making decisions</u> in both, personal and political life.

Ans
✗ 1. panacea
✓ 2. harbinger
✗ 3. touchstone
✗ 4. quagmire

Q.3 Select the most appropriate meaning of the given proverb.

When the cat's away, the mice will play

Ans
✗ 1. Too many people trying to manage something can ruin it.
✓ 2. People will naturally take advantage of the absence of someone in authority to do as they like.
✗ 3. There is something positive in every negative situation.
✗ 4. You can't achieve something important without some sacrifices.

Q.4 Select the most appropriate option to fill in the blank.

Despite its simple appearance, this grammar book is arguably _______ resource I've encountered for mastering syntactic nuance.

Ans
✗ 1. most effective
✗ 2. more effective
✗ 3. the more effective
✓ 4. the most effective

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.5 Select the most appropriate option that rectifies the incorrectly spelt word in the given sentence.

Adolf Hitler adeptly orchestrated contrived public-security emergencies through incendiary rhetoric and coercive strautagems to dismantle constitutional safeguards, subjugate the Weimar Republic's federated states, and consolidate his totalitarian dominion.

Ans
✗ 1. coersive
✗ 2. incindiary
✓ 3. stratagems
✗ 4. contrieved

Q.6 Select the most appropriate option to fill in the blank.

She has always wanted to be _____ university professor.

Ans
✗ 1. an
✗ 2. No article required
✗ 3. the
✓ 4. a

Q.7 Select the most appropriate option to fill in the blank.

I really don't know why she came; __________, I would have told you.

Ans
✗ 1. finally
✗ 2. instead
✗ 3. in contrast
✓ 4. otherwise

Q.8 Select the most appropriate meaning of the given proverb.

Actions speak louder than words.

Ans
✗ 1. Words are more important than actions.
✗ 2. Whatever you do, always try to do it silently.
✓ 3. What you do is more important than what you say.
✗ 4. Speaking is easier than acting.

Q.9 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
✗ 1. Profligate
✗ 2. Paraphernalia
✓ 3. Indispensible
✗ 4. Conjuror

Q.10 Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.

He was known for his meticulous attention to detail.

Ans
✓ 1. Slovenly
✗ 2. Serious
✗ 3. Careful
✗ 4. Flexible

Q.11 Select the most appropriate ANTONYM of the highlighted word in the given sentence.

Small, unnoticed expenses and lifestylecreep can add up and put a significant strain on your financial goals.

Ans
✗ 1. encroach
✗ 2. drag
✓ 3. rush
✗ 4. delay

Adda247

Q.12 Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.

A. Gandhi was firmly convinced that the doctrine of non-violence represented not passive submission, but the loftiest manifestation of moral courage.

B. Furthermore, he regarded it as a transcendent principle, one that transcended cultural boundaries and could be embraced by individuals of all nations and creeds.

C. To Gandhi, the renunciation of violence was not indicative of frailty, but rather a profound reservoir of inner fortitude and self-discipline.

D. As a natural corollary of this belief, he meticulously integrated the ethos of non-violence into both the realms of political activism and his personal conduct.

Ans ✔ 1. ABDC

✘ 2. CDBA

✘ 3. BDCA

✘ 4. CBDA

Q.13 Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.

A. Allied forces in the West had made significant progress, advancing through southern Italy and capturing Rome.

B. Germany's military position by mid-1944 had become strategically untenable on multiple fronts.

C. Concurrently, the Allies had completed preparations for a large-scale liberation of northern Europe, amassing troops and matériel.

D. On the Eastern Front, the Red Army stood ready to drive German forces back through Poland.

E. Encircled from both east and west, the Nazi war effort appeared increasingly doomed.

Ans ✘ 1. D - B - A - C - E

✘ 2. B - D - C - A - E

✘ 3. B - D - A - E - C

✔ 4. B - A - C - D - E

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.14 Select the most appropriate option to fill in the blanks. If no article is required, select the option with 'No article required'.

My uncle is _____ SDO in _____ forest department.

Ans
✗ 1. No article required; no article required
✓ 2. an; the
✗ 3. a; no article required
✗ 4. a; the

Q.15 Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined phrase in the following sentence.

In a groundbreaking experiment, Markus Heinrichs and his colleagues at the University of Freiburg, Germany, asked volunteers to participate in an activity where they could invest money with an identity whose name is not known or public person who was not guaranteed to be honest.

Ans
✗ 1. eponymous
✗ 2. observant
✗ 3. identified
✓ 4. anonymous

Comprehension:

Adda247 GET IT ON Google Play

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Alleviation of rural poverty has been one of the primary objectives of planned development in India. Ever since the inception of planning, the policies and the programmes have been designed and redesigned with this aim. The problem of rural poverty was brought into a sharper focus during the Sixth Plan. The Seventh Plan too emphasised growth with social justice. It was realised that a sustainable strategy of poverty alleviation has to be based on increasing the productive employment opportunities in the process of growth itself. However, to the extent the process of growth bypasses some sections of population, it is necessary to formulate specific poverty alleviation programmes for generation of a certain minimum level of income for the rural poor. Rural development implies both the economic betterment of people as well as greater social transformation. Increased participation of people in the rural development process, decentralisation of planning, better enforcement of land reforms and greater access to credit and inputs go a long way in prospects for economic development improvements in health, education, drinking water, energy supply, sanitation and housing coupled with attitudinal changes also facilitate their social development.

Rural poverty is inextricably linked with low rural productivity and unemployment, including underemployment. Hence, it is imperative to improve productivity and increase employment in rural areas. Moreover, more employment needs to be generated at higher levels of productivity in order to generate higher output. Employment at miserably low levels of productivity and incomes is already a problem of far greater magnitude than an unemployment as such.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16 Which of the following best summarises the passage?**

**Ans**
1. Rural areas are backward due to lack of cities nearby.
2. Cities are overpopulated because people leave rural areas.
3. Rural poverty is mainly a result of unemployment, and tackling it requires both economic and social reform.
4. Rural life cannot be improved due to insufficient policies.

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Alleviation of rural poverty has been one of the primary objectives of planned development in India. Ever since the inception of planning, the policies and the programmes have been designed and redesigned with this aim. The problem of rural poverty was brought into a sharper focus during the Sixth Plan. The Seventh Plan too emphasised growth with social justice. It was realised that a sustainable strategy of poverty alleviation has to be based on increasing the productive employment opportunities in the process of growth itself. However, to the extent the process of growth bypasses some sections of population, it is necessary to formulate specific poverty alleviation programmes for generation of a certain minimum level of income for the rural poor. Rural development implies both the economic betterment of people as well as greater social transformation. Increased participation of people in the rural development process, decentralisation of planning, better enforcement of land reforms and greater access to credit and inputs go a long way in prospects for economic development improvements in health, education, drinking water, energy supply, sanitation and housing coupled with attitudinal changes also facilitate their social development.

Rural poverty is inextricably linked with low rural productivity and unemployment, including underemployment. Hence, it is imperative to improve productivity and increase employment in rural areas. Moreover, more employment needs to be generated at higher levels of productivity in order to generate higher output. Employment at miserably low levels of productivity and incomes is already a problem of far greater magnitude than an unemployment as such.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 What can be inferred as essential for rural development besides income generation?**

**Ans**

✗ 1. Building more industries

✗ 2. Urban migration

✗ 3. Promoting tourism

✓ 4. Attitudinal changes and access to services

**Comprehension:**

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Alleviation of rural poverty has been one of the primary objectives of planned development in India. Ever since the inception of planning, the policies and the programmes have been designed and redesigned with this aim. The problem of rural poverty was brought into a sharper focus during the Sixth Plan. The Seventh Plan too emphasised growth with social justice. It was realised that a sustainable strategy of poverty alleviation has to be based on increasing the productive employment opportunities in the process of growth itself. However, to the extent the process of growth bypasses some sections of population, it is necessary to formulate specific poverty alleviation programmes for generation of a certain minimum level of income for the rural poor. Rural development implies both the economic betterment of people as well as greater social transformation. Increased participation of people in the rural development process, decentralisation of planning, better enforcement of land reforms and greater access to credit and inputs go a long way in prospects for economic development improvements in health, education, drinking water, energy supply, sanitation and housing coupled with attitudinal changes also facilitate their social development.

Rural poverty is inextricably linked with low rural productivity and unemployment, including underemployment. Hence, it is imperative to improve productivity and increase employment in rural areas. Moreover, more employment needs to be generated at higher levels of productivity in order to generate higher output. Employment at miserably low levels of productivity and incomes is already a problem of far greater magnitude than an unemployment as such.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 What is the central theme of the passage?**

Ans
✗ 1. Problems of industrial growth
✓ 2. Strategies for rural poverty alleviation
✗ 3. Urban poverty
✗ 4. Population explosion

Adda247
GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Alleviation of rural poverty has been one of the primary objectives of planned development in India. Ever since the inception of planning, the policies and the programmes have been designed and redesigned with this aim. The problem of rural poverty was brought into a sharper focus during the Sixth Plan. The Seventh Plan too emphasised growth with social justice. It was realised that a sustainable strategy of poverty alleviation has to be based on increasing the productive employment opportunities in the process of growth itself. However, to the extent the process of growth bypasses some sections of population, it is necessary to formulate specific poverty alleviation programmes for generation of a certain minimum level of income for the rural poor. Rural development implies both the economic betterment of people as well as greater social transformation. Increased participation of people in the rural development process, decentralisation of planning, better enforcement of land reforms and greater access to credit and inputs go a long way in prospects for economic development improvements in health, education, drinking water, energy supply, sanitation and housing coupled with attitudinal changes also facilitate their social development.

Rural poverty is inextricably linked with low rural productivity and unemployment, including underemployment. Hence, it is imperative to improve productivity and increase employment in rural areas. Moreover, more employment needs to be generated at higher levels of productivity in order to generate higher output. Employment at miserably low levels of productivity and incomes is already a problem of far greater magnitude than an unemployment as such.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the meaning of the word inextricably from the given options.**

**Ans**

✗ 1. In a convincing fashion

✓ 2. In a way that is unable to be separated

✗ 3. In a harmful way

✗ 4. In a loosely connected manner

Adda247

GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Alleviation of rural poverty has been one of the primary objectives of planned development in India. Ever since the inception of planning, the policies and the programmes have been designed and redesigned with this aim. The problem of rural poverty was brought into a sharper focus during the Sixth Plan. The Seventh Plan too emphasised growth with social justice. It was realised that a sustainable strategy of poverty alleviation has to be based on increasing the productive employment opportunities in the process of growth itself. However, to the extent the process of growth bypasses some sections of population, it is necessary to formulate specific poverty alleviation programmes for generation of a certain minimum level of income for the rural poor. Rural development implies both the economic betterment of people as well as greater social transformation. Increased participation of people in the rural development process, decentralisation of planning, better enforcement of land reforms and greater access to credit and inputs go a long way in prospects for economic development improvements in health, education, drinking water, energy supply, sanitation and housing coupled with attitudinal changes also facilitate their social development.

Rural poverty is inextricably linked with low rural productivity and unemployment, including underemployment. Hence, it is imperative to improve productivity and increase employment in rural areas. Moreover, more employment needs to be generated at higher levels of productivity in order to generate higher output. Employment at miserably low levels of productivity and incomes is already a problem of far greater magnitude than an unemployment as such.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 If a government focuses solely on increasing rural employment without improving productivity, what flaw would it most likely encounter, based on the passage's reasoning?**

**Ans**

✗ 1. It would lead to overproduction in agriculture.

✗ 2. It would attract too many foreign investors.

✗ 3. It would raise inflation rates in urban markets.

✓ 4. It would generate low-income, inefficient jobs that fail to raise living standards.